हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 11.8 डिग्री

11 30 एकड़ जमीन पर बनी अवैध कालोनियां...



12 राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में एचडी स्कूल...



### शहर में आज

- ⏭ जिला प्रशासन द्वारा कॉलोनियों में की जाएगी तोड़फोड़ कार्रवाई।
- ⏭ लघु सचिवालय में लगाया जाएगा समाधान शिविर।
- ⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।

# महम में तहसीलदार न होने से परेशानी, जमीन जायदाद के केस अटके

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ महम

पिछले एक महीने से महम में तहसीलदार न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के जमीन जायदाद के काम अटके हुए हैं। तहसीलदार न होने से तहसीलदार की कोर्ट के केसों का काम भी रुका हुआ है।

महम बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रोहतास राठी ने बताया कि पूरा एक महीना हो गया है। क्लाइंट उनके पास जमीनी केसों का निपटारा करवाने के लिए घूम रहे हैं। लेकिन तहसीलदार न होने की वजह से जमीन जायदाद के केसों का निपटारा नहीं हो रहा। यदि इन दिनों में जमीनों के बंटवारे के केसों का निपटारा हो जाए तो गेहूं व अन्य फसलों की कटाई के बाद भू मालिकों को अपनी जमीनों का कब्जा मिल जाएगा।



महम। लघु सचिवालय की तस्वीर। फोटो: हरिभूमि

- नायब तहसीलदार भी ऑफिस में दे रहे कम समय, तहसीलदार कार्यालय के सामने बैठे रहते हैं लोग
- तक्सीम के केस निपट जाते हैं तो फसलों की कटाई के बाद भू स्वामियों को मिल जाएगा जमीनों का कब्जा

### तहसीलदार पिछले एक महीने से छुट्टी पर चल रहे

*महम में नायब तहसीलदार तो है, लेकिन केसों की सुनवाई की पावर तहसीलदार के पास ही होती है। वहीं लोग नायब तहसीलदार की कार्यप्रणाली से भी नाराज हैं। क्योंकि नायब तहसीलदार अपने कार्यालय में कम ही समय दे पा रहे हैं। उनके दफ्तर के आगे घंटों तक लोग उनके आने का इंतजार करते हुए देखे जा सकते हैं। नायब तहसीलदार के ऑफिस आने का समय भी तय नहीं है। कई बार तो दिनभर लोग इंतजार करके वापस अपने अपने घरों की ओर लौट जाते हैं। उपमंडल के गांवों में आजकल यह चर्चा आम हो गई है कि महम तहसील में आने वाले फरियादी आजकल काफी परेशान हैं। एक्सीडेंट होने की वजह से तहसीलदार पिछले एक महीने से छुट्टी पर चल रहे हैं। वे अभी 15 अप्रैल तक छुट्टी पर रहेंगे। फरियादियों की मांग है कि तब तक यहां पर ऐसे तहसीलदार की नियुक्ति की जाए, जो जमीन जायदाद संबंधी मामलों का निपटारा कर सके। साथ ही लोगों ने जिला उपायुक्त से नायब तहसीलदार को कार्यालय में पाबंद करने की मांग की है। क्योंकि वे अक्सर अपने कार्यालय से नदारद रहते हैं।*

### खबर संक्षेप

#### मदविः प्रोफेसर मिनाक्षी वशिष्ठ डीन मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने जेनेटिक्स विभाग की प्रोफेसर डा. मीनाक्षी वशिष्ठ को फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज का डीन मनोनीत किया है। कुलसचिव डा. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर डीन फैकल्टी ऑफ लाइफ साइंसेज प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ की नियुक्ति 5 अप्रैल 2025 से 28 फरवरी 2027 तक की गई है।



मिनाक्षी वशिष्ठ

#### युवक को अवैध शराब सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। महम थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि किशनगढ़ महम निवासी युवक अपनी स्टूडियों की दुकान में अवैध रुप से शराब बेचने का काम करता है। नियमानुसार कार्यवाही करते हुये युवक को काबू किया गया। युवक की पहचान रविंद्र उर्फ बिन्नी निवासी किशनगढ़ महम को गिरफ्तार किया गया है। युवक के पास से 56 बोतल शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

#### वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, पुरस्कार बांटे




**रोहतक।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय घुसकानी का वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित क़िया। कनिष्ठ वर्ग में रिया पुत्री सतीश (98.17) और वरिष्ठ वर्ग में राशिज पुत्री भी सुखबीर ने विद्यालय टॉपर (95.83) अंके लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा विभाग के प्रभारी प्रमोद कुमार, हरिओम रोहिल्ला और रविन्द्र कुमार के कार्य की काफी सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मी उपस्थित रहे।


## शहर की अधिकतर कॉलोनियों में लगे गंदगी के ढेर

# सफाई व्यवस्था से आयुक्त नाराज गंदगी फैलाने वालों के करें चालान

- रोजाना एरिया का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लें

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रोहतक

शहर में जगह जगह फैली गंदगी की सही तरीके से सफाई न होने पर नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को फटकार लगाई है। साथ ही प्रमुख बाजारों सहित हर वार्ड में विशेष तौर पर सफाई अभियान चलाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि गंदगी फैलाने वालों की पहचान कर उनके चालान किए जाएं। अधिकारी रोजाना एरिया का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लें। उन्होंने यह भी कहा अभियान में कार्य नहीं करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने वीरवार को निगम कार्यालय में निगम व पालिकाओं के सफाई शाखा के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की। जिसमें सफाई व्यवस्था में सुधार करने बारे निर्देश दिए गए है।



रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह।

### ये रहे मौजूद

बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, सहायक अभियंता शांत सुहाग, सत्यव्रत, पालिका सचिव नरेन्द्र, नवीन व प्रदीप कुमार, कनिष्ठ अभियंता विकास व विवेक, मुख्य सफाई निरीक्षक सचिन, सफाई निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक सफाई निरीक्षक परमजीत, नरेन्द्र, सुमित फोगाट, कृष्ण लाल, संदीप राठी, प्रदीप कुमार व सुशील कुमार उपस्थित रहे।

### ढंक कर ले जाना होगा कूड़ा

कूड़े उठाने वाले वाहन ढंक कर ही कूड़ा प्लांट तक लेकर जाए। नगर निगम की टीमें कूड़ा सड़क पर फेंकने वालों के चालान करें। इसके अतिरिक्त डेयरियों में गोबर बहाने वालों पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाएगी। प्रतिदिन नगर निगम की टीमें डेयरियों का निरंतर निरीक्षण कर रही हैं तथा गंदगी फैलाने वालो को चिन्हित कर चालान किए जा रहे हैं। नगर निगम की टीम को निर्देश दिए जा चुके है कि वे निरंतर निरीक्षण करें, गोबर को सीवर व नाले में बहाने वालों के चालान करें।

### आमजन से अपील

आयुक्त ने आमजन से अपील है कि गंदगी न फैलाये, घर-घर से कूड़ा लेने वाले वाहन का इंतजार करें तथा कूड़ा उसी में डाले। निर्माण एवं विध्वंस सामग्री को निगम द्वारा चिन्हत स्थल जेल रोड, गांव सुनारियां पर ही डाले।

### कड़े निर्देश

### वाहनों व कर्मियों की निगरानी करें

बैठक के दौरान आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों व वाहनों की निरंतर निगरानी करें तथा प्रतिदिन निरीक्षण करें, कर्मचारियों की मौजूदगी चैक करें। शहर में गंदगी के ढेर नहीं होने चाहिए इस कार्य के लिए कार्य योजना के तहत कार्य करें। इनको जल्द से जल्द खत्म करवाना सुनिश्चित करें।

## मॉडल संस्कृति विद्यालयों में दाखिला प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रोहतक

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक और राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयों में एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शिक्षा निदेशालय ने शेड्यूल जारी कर दिया है।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रत्येक विद्यालय में उपलब्ध कमरों और अन्य ढांचागत सुविधाओं के मध्य नजर एसएमसी की बैठक में निर्णय लेकर पहली, छठी, नौवीं और बारहवीं में अंग्रेजी माध्यम सेक्शन अनुभाग में ही नए दाखिले किए जाएंगे। अन्य कक्षाओं में दाखिले केवल सीटें रिक्त होने की अवस्था में ही किए जाएंगे। कक्षा 11वीं में दाखिले के संदर्भ में विद्यालय में पहले से पढ़ रहे विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जानी है। वहीं यदि एसएमसी विद्यालय को दोहरी पारी में संचालित करने का निर्णय करती है तो ऐसे में उन्हें अतिरिक्त सेक्शन बनाने की अनुमति होगी। जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक 30, छठी से आठवीं तक 35, नौवी से बारहवीं तक 40 विद्यार्थी प्रति सेक्शन में होंगे। इसी तरह राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय में पहली कक्षा में प्रत्येक सेक्शन में अधिकतम छात्र संख्या 30 है और केवल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों को ही इस कक्षा में दाखिला मिलेगा। गत वर्ष की भांति इन विद्यालयों में कक्षा पहली से हिंदी माध्यम का सेक्शन नहीं होगा। सीटों की संख्या एसएमसी द्वारा विद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं के मध्य नजर निर्धारित की जाएगी।

- 11 तक स्कूलों में आवेदन होंगे जमा

### जानकारी नहीं मिली

एक अप्रैल से दाखिला प्रक्रिया आरंभ होगी। 11 अप्रैल तक स्कूल में आवेदन जमा होंगे। 16 अप्रैल को ड्रा निकाले जाएंगे और 22 अप्रैल को प्रतीक्षा सूची का दाखिला होगा। सीट खाली रहने की अवस्था में दाखिला का दूसरा दौर 23 अप्रैल से आरंभ किया जाएगा।

### शिक्षा निदेशालय ने जारी किया शेड्यूल

शिक्षा निदेशालय पंचकूला की तरफ से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर सूचित किया गया है। पत्र में ही शेस्यूल दिया गया है। जारी किए गए सभी आदेशों की पालना करते हुए दाखिलों की सूचना मुख्यालय को भेजनी होगी।

## 90 हजार रुपये की ठगी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रोहतक



पुलिस ने 90 हजार रुपये की ठगी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी ट्रेनी आईपीएस कांची सिंघल ने बताया कि नांदल निवासी रितु की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि रितु जुलाना से अपने ससुराल नांदल आ रही थी। उसी दौरान बस में बैठे एक युवक ने अपने आप को धनलक्ष्मी फाइनैंस कंपनी में लोन पर रुपये दिलवाने के कार्य बारे बताया। 22 अगस्त 2024 को रितु ने युवक के द्वारा दिए गए फोन पर लोन लेने बारे कहा। उनके द्वारा मांगे गए सारे कागजात रितु ने उनके नंबर पर भेज दिए। उन्होंने कहा कि लोन के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 200 रुपये डालने होंगे। रितु ने उनके कहे अनुसार फोन पे के माध्यम से रुपये भेज दिए। 23 अगस्त 2024 को उन्होंने रितु से सिक्योरिटी के नाम पर 4550 रुपये भेजने बारे कहा। 24 अगस्त को 12650 रुपये और भेजने बारे कहा। रितु ने उनके कहे अनुसार रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उन्होंने रितु से डिमांड ड्राफ्ट, टैक्स, कमीशन, एनओसी आदि के नाम से 90 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। जांच के दौरान 2 अप्रैल 2024 को आरोपी रवि निवासी नरवाना को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने अपनी बहन का खाता किसी तीसरे व्यक्ति को कमीशन पर दे रखा था। आरोपी ने अपनी बहन के खाते में अपना मोबाइल नंबर लिंक करवाया हुआ है। इसके अलावा आरोपी ने अन्य दो खाते भी कमीशन पर दिए हुए है।

- आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया

### वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

## मैनेजमेंट ट्रेनी-फाइनेंस के पद पर कीर्ति और सिमरन का चयन



- 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया
- दोनों को 3.50 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिला

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा सीगल इंडिया लिमिटेड के सहयोग से वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें दो छात्राओं का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी-फाइनेंस के पद पर हुआ है। सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने बताया कि इमसॉर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव में 20 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न चरणों के बाद दो छात्राओं- कीर्ति और सिमरन का चयन मैनेजमेंट ट्रेनी-फाइनेंस के पद पर हुआ है। इन दोनों चयनित छात्राओं को 3.50 लाख रुपये प्रति वर्ष का पैकेज दिया गया है।

इमसॉर निदेशक प्रो. सत्यवान बरोदा तथा सीसीपीसी निदेशिका प्रो. दिव्या मल्हान ने चयनित छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीसीपीसी उप निदेशक डॉ. सौरभ कांत और डॉ. अमन वशिष्ठ ने इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

## शिक्षा के साथ खेलों में बढ़ाएं रुचिः योगेश्वर




सांपला। छात्राओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ सांपला

सर छोटू राम राजकीय महिला महाविद्यालय में गुरुवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता एवं पदमश्री पहलवान श्री योगेश्वर दत्त, नगरपालिका चेयरपर्सन पूजा इंदौरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर संतोष हुड्डा ने मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्रोफेसर चंद्रशेखर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमें शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में छात्राओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया। पहलवान योगेश्वर दत्त ने अपने संबोधन में छात्राओं के जीवन में मेहनत, समर्पण, अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम और दृढ़ निश्चय की आवश्यकता है। उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी।

### छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए

समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई जिसमें छात्राओं ने अपने लोक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। समारोह का सफल संचालन डॉ रितु और डॉ ममता ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सुनील चौहान के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण और छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस समारोह, शहीदों को नमन



रोहतक। 11वीं बटालियन जाट रेजीमेंट ने मनाया स्थापना दिवस समारोह में हरियाणा, राजस्थान,उत्तर प्रदेश व दिल्ली के भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। शहीदों को श्रद्धांजलि दी। (खबर पेज 12पर)

## विवि ने कई परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** मदवि ने दिसंबर 2024 में आयोजित बैचलर ऑफ वोकेशनल- इंटीरियर डिजाइन के प्रथम सेमेस्टर रेगुलर, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट के प्रथम, तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर रेगुलर व री-अपीयर, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रथम, तीसरे, पांचवें व छठे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, मार्केटिंग मैनेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के तीसरे व पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन के प्रथम, तीसरे, पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, कैटरिंग टेक्नोलोजी एंड होटल मैनेजमेंट के प्रथम, तीसरे, पांचवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, रिटेल मैनेजमेंट के प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, मास्टर ऑफ वोकेशनल फूड साइंस एंड न्यूट्रीशियन की प्रथम व तीसरे सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर, बी.कॉम-जनरल, आनर्स व वोकेशनल के प्रथम सेमेस्टर की री-अपीयर, एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर री-अपीयर, एमटीटीएम पंच वर्षीय के तीसरे सेमेस्टर की प्रथम व री-अपीयर की परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है।

### सख्त निर्देश | पीजीआई के निदेशक ने किया कैंटीन का निरीक्षण

# कैंटीन परिसर में साफ सफाई रखने के आदेश

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ रोहतक

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने गुरुवार सुबह पीजीआईएमएस कैंटीन परिसर में स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने दुकानों के पास बैरिकेडिंग करवाने के भी निर्देश दिए ताकि अवैध कब्जा रोका जा सके। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि किसी भी दुकान के बाहर मेज व कुर्सियां नहीं होनी चाहिए और सभी कर्मियों को आईडी कार्ड पहनना अनिवार्य होगा। अस्पताल के अंदर सफाई का विशेष महत्व होता है। पीजीआईएमएस कैंटीन परिसर में लोग खाना खाने आते हैं, इसलिए खाने की क्वालिटी के मामले में कोई लापरवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दुकानदारों को सख्त निर्देश दिए कि खाना बनाने वाले सभी कर्मी कैप और मास्क ज़रूर पहनेंगे। यहां लगे पेड़ों की भी कटिंग होनी चाहिए ताकि वें देखने में सुंदर लगे और दुकानों के अंदर उनके पत्ते ना आएं। कोई भी दुकानदार कमर्शियल सिलेंडर प्रयोग नहीं करेगा। दुकानों के बाहर रखे मेज कुर्सियों को हटाने के लिए आज शाम 5 बजे तक का समय रखा गया है, उसके बाद भी यदि कोई आदेशों की पालना नहीं करता तो सामान को जब्त करवा दिया जाएगा। परिसर के बाहर एक बोर्ड होना चाहिए ताकि उस पर हर दुकान की जानकारी उपलब्ध हो सके।



### मेंटेनेंस के आदेश

डॉ. सिंघल ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं कि वहां पर टूटी हुई दुकानों व जगह की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल ने कहा कि यह निरीक्षण और निर्देश पीजीआईएमएस कैंटीन परिसर में स्वच्छता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुंदन मित्तल, डॉ. महेश माहला, संपदा अधिकारी दुष्यंत, सिक्योरिटी अधिकारी रोहित सहित दर्जन भर कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्पेशल: जू लवर्स-डे, 8 अप्रैल

रोचक / रजनी अरोड़ा

## अट्रैक्टिव-डिफरेंट-फेमस
# दुनिया के अमेजिंग जू

बच्चो, तुमने अपने शहर या किसी दूसरे शहर में स्थित जू यानी चिड़ियाघर को जरूर देखा होगा। वैसे तो दुनिया भर में लगभग दस हजार जू हैं। लेकिन उनमें से कुछ ऐसे हैं, जो अपनी विशेषता के कारण बहुत फेमस हैं। यहां हम तुम्हें कुछ ऐसे ही अनोखे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं।









### वियना चिड़ियाघर

**इस चिड़ियाघर** का निर्माण ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में 1752 ई. में किया गया था। 'टियरगार्टन शॉनब्रून' नाम से मशहूर यह चिड़ियाघर पवित्र रोमन सम्राट फ्रांसिस प्रथम ने स्थापित किया था। यह चिड़ियाघर वियना के प्रसिद्ध शॉनब्रून पैलेस के अंदर शाही परिवार के लिए एक निजी उद्यान के रूप में शुरू हुआ था। लगभग 17 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 18वीं सदी की ऐतिहासिक इमारतें और आधुनिक सुविधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यहां पांडा, पोलर बियर, शेर, बाघ, तेंदुआ जैसे अलग-अलग वातावरण में पाए जाने वाले जानवर देखने को मिलते हैं। दुनिया के सबसे पुराने इस चिड़ियाघर को यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल किया गया है। *

### दार्जिलिंग चिड़ियाघर

**अपने ही** देश भारत में दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) के बिर्च हिल इलाके में स्थित इस जू का निर्माण 1958 में किया गया था। 1975 में बंगाल की पूर्व गवर्नर और स्वाधीनता सेनानी सरोजिनी नायडू की पुत्री पद्मजा नायडू के नाम पर इस जू का नाम 'पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क' रखा गया। इसे 'दार्जिलिंग चिड़ियाघर' के नाम से भी जाना जाता है। यह 7,000 फीट की ऊंचाई पर 67.5 एकड़ क्षेत्रफल में बना है। इस चिड़ियाघर में मुख्य रूप से अल्पाइन क्षेत्र में रहने वाले हिमालयी पशुओं को संरक्षित किया गया है। यहां 200 से अधिक पशु प्रजातियों में स्नो लेपर्ड, तिब्बती वुल्फ, लाल पांडा, साइबेरियन टाइगर, हिमालयी न्यूट, ब्लू शीप, हिल मोनाल, रिंग नैकेंड पीसेंट, ब्लड पीसेंट, ट्रैगोपैन जैसे लुप्तप्राय पशु-पक्षी भी हैं। यह चिड़ियाघर लाल पांडा के संरक्षण के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। *

### बटरफ्लाई जू

**वर्ष 1988** में बना फ्लोरिडा (अमेरिका) का बटरफ्लाई वर्ल्ड जू, दुनिया का सबसे बड़ा बटरफ्लाई चिड़ियाघर है। यहां करीब 5 हजार रंग-बिरंगी बटरफ्लाई हैं, जो पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। इसके साथ ही इस चिड़ियाघर में अमेरिका का सबसे बड़ा हमिंगबर्ड, लोरिकेट जैसी उष्णकटिबंधीय बर्ड्स का घर भी है। पर्यटक यहां इन बर्ड्स को खाना भी खिला सकते हैं।




यहां के इंसेक्टेरियम में कई तरह के बग्स भी देखे जा सकते हैं। पॉपकॉर्न पार्क चिड़ियाघर 1977 में न्यू जर्सी (अमेरिका) में वन्य जीवों को संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से यह चिड़ियाघर बनाया गया था। इसमें प्रायः बड़ी उम्र के बीमार, घायल या बेसहारा जानवरों को ही रखा जाता है। इनमें कुत्ते, बिल्लियों जैसे घरेलू जानवर ही नहीं, शेर, बाघ, हाथी, ऊंट, लामा, इमू, लोमड़ी, बंदर, हिरण, कछुए जैसे जानवर और कई तरह के पक्षी भी हैं। *

### चिड़ियाघर नहीं समुद्री गुफा

**बच्चो,** अमेरिका के ऑरेगन समुद्र तट पर स्थित केव्स ऑफ सी लॉयन, चिड़ियाघर नहीं, बल्कि एक समुद्री गुफा है। यह स्टेलर सी लॉयंस और अन्य समुद्री जंतुओं का प्राकृतिक आवास है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे बड़ी समुद्री गुफा है। माना जाता है कि बेसाल्ट रॉक से बनी इन केव्स (गुफाओं) का निर्माण 25 मिलियन साल पहले हुआ था।



आधुनिक काल में इसकी खोज 1880 में कैप्टन विलियम कॉक्स ने की थी। इस स्थान को स्थनीय लोगों और पर्यटकों के लिए 1932 में खोला गया। सी लॉयंस केव्स तकरीबन 12 मंजिला इमारत जितनी ऊंची और फुटबॉल मैदान की लंबाई जितनी बड़ी है। स्टेलर सी लॉयंस के अलावा यहां कैलिफोर्निया के सी लॉयंस, टफटिड पफिंस, बाल्ड ईगल आदि कई तरह के जंतु भी पाए जाते हैं। सी लॉयंस केव्स को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में भी शामिल किया गया है। *

### लोन पाइन कोआला सेंचुरी

**यह ऑस्ट्रेलिया** के क्वींसलैंड में 1927 में बना, दुनिया का पहला सबसे बड़ा और सबसे पुराना कोआला चिड़ियाघर है। 18 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बने इस चिड़ियाघर में 130 से अधिक



कोआला हैं। यह चिड़ियाघर क्लार्कसन परिवार द्वारा लगाए गए पाइन के दो पेड़ों और जैक एंड जिल नामक दो कोआला से शुरू हुआ था। आज यहां कंगारू, तस्मानिया डेविल, पैरेट्स, काकातुआ, इमु, कैसोवरी, लौरिकेट, प्लेटीपस और कई तरह के सरीसृप भी पाए जाते हैं। इस चिड़ियाघर की खासियत है कि यहां आने वाले पर्यटक चाहें तो इन जानवरों को खाना भी खिला सकते हैं। *

---

जानकारी / विनय कुमार पाठक

बच्चो, हर साल 6 अप्रैल को इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस डे मनाया जाता है। जानो, यह क्यों मनाया जाता है, इस वर्ष इसकी थीम क्या है?

## विकास-शांति-स्वास्थ्य के लिए
# हम भी खेलें-तुम भी खेलो

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि वर्ष में कई तिथियों को विशेष दिवस के रूप में मनाते हैं। जैसे 26 जनवरी को हम सब गणतंत्र दिवस मनाते हैं। 14 नवंबर को तुम बाल दिवस मनाते हो। अभी बीते 1 अप्रैल को तुमने फूल डे भी मनाया होगा। अच्छा क्या तुमको पता है कि हर वर्ष 6 अप्रैल को किस रूप में मनाया जाता है? नहीं पता? चलो हम तुम्हें बताते हैं। 6 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ स्पोर्ट फॉर डेवलपमेंट एंड पीस' के रूप में मनाया जाता है। अर्थात विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस। तुम्हें पता होगा कि अपने देश में हर वर्ष 29 अगस्त को महान हॉकी खिलाड़ी ध्यानचंद की जयंती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाते हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस मनाने का उद्देश्य पूरी दुनिया के लोगों को खेलों का महत्व बताना है।



**इस वर्ष की थीम:** हमारे लिए विकास का बहुत महत्व है। विकास का मतलब है, पहले से बेहतर होना। शांति का भी उतना ही महत्व है। तो इन दोनों को ध्यान में रखकर ही 'विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस' को मनाया जाता है। इस वर्ष इस दिन की थीम 'लेवलिंग द प्लेइंग फील्ड: स्पोर्ट फॉर सोशल इनक्लुजन' निर्धारित की गई है। इसका अर्थ है- सामाजिक समावेशन के लिए खेलकूद के समान अवसर बनाना। समावेशन का अर्थ होता है, हमारे समाज के सभी लोगों को शामिल करना। जैसे अलग-अलग रंग के, अलग-अलग आकार के, अलग-अलग सुगंध के फूल मिलकर बगिया को खूबसूरत बनाते हैं, वैसे ही सभी तरह के लोगों को जब एक साथ शामिल किया जाएगा, तभी हमारा समाज सुंदर बनेगा। इसके लिए खेलकूद से बेहतर साधन क्या हो सकता है!

**आयोजक है ओलंपिक समिति:** तरह-तरह के खेल खेलने में तो तुम्हें बहुत मजा आता होगा, है न! स्कूल में भी गेम्स पीरियड का तुम बेसब्री से इंतजार करते हो। छुट्टियों में तो अपने दोस्तों के साथ जमकर खेल का आनंद लेते ही हो। केवल बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी विभिन्न खेलों का खूब आनंद लेते हैं। तुम्हें पता है, दुनिया में खेलकूद का सबसे बड़ा आयोजन ओलंपिक होता है। इसका आयोजन करने वाली समिति अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति है। हर देश में भी एक ओलंपिक समिति होती है, जो उस देश में खेलकूद को बढ़ावा देने का काम करती है।

**खेलों की महत्ता:** खेलकूद का समाज पर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसमें भेदभाव मिटाकर सभी को बराबर मौका मिलता है। खेलकूद के आयोजन में सभी क्षेत्र के, सभी वर्ग के, सभी धर्म के, सभी रंग के खिलाड़ी भाग लेते हैं। लोग आपसी मतभेद भुलाकर मिल-जुल कर खेलते हैं, इससे शांति का माहौल बनता है। जब माहौल शांति का होता है तो समाज और देश का विकास होता है। यही नहीं, खेलकूद से शारीरिक क्षमता बेहतर होती है। साथ ही हमारा मन भी स्वस्थ रहता है। तो तुम भी खेलकूद में जमकर हिस्सा लो और अपने शरीर के साथ-साथ मन को भी स्वस्थ बनाओ। *

---

कविता / नरेंद्र सिंह 'नीहार'

## बच्चों की आजादी



सजे-धजे स्कूल सभी हों,
खुशी-खुशी सब आएं।
टीचर जी से खुलकर बोलें,
मन की बात बताएं।
खेल-खेल में करें पढ़ाई,
करके सब कुछ सीखें।
विद्यालय की हरित वाटिका,
मिल-जुलकर हम सींचें।
डांट-डपट से दूर रहें हम,
बनें न कभी फसादी।
बात-बात पर शाबाशी हो,
कदम-कदम आजादी।

---

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## कौवे की मजेदार शादी

शादी-ब्याह का समारोह हो या कोई दावत, तुम उसमें खूब सज-धज कर जाते होगे, है न! इस रंगीन चित्रों वाली किताब 'कालू कौवे की शादी' में ऐसा ही एक किस्सा है, जिसमें एक कौवा अपनी शादी की खुशी में खूब सजा-धजा दिखना चाहता है। इसके लिए वह निकल पड़ता है, अपने दोस्तों से उनकी मदद मांगने। मोर से वह रंग-बिरंगे पंख उधार लेता है, मिट्ठू तोते से उसकी सुंदर लाल चोंच। उल्लू से आंखें और शुतुरमुर्ग से लंबे-लंबे पैर। अब यह सब पहनकर वह अनोखा बन जाता है। फिर निकल पड़ता है, अपनी बारात लेकर कौवी से शादी रचाने। लेकिन बाहर के मौसम और धूप से इस अनोखी बारात में सब उलट-पुलट हो जाता है। यह सब कैसे होता है और फिर अंत में क्या होता है, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। *




**किताब:** कालू कौवे की शादी, **लेखिका:** डॉ. कमलेश कुमारी, **मूल्य:** 150 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, **दिल्ली**

---



गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

घूमने की शौकीन चिल्ली बिल्ली एक दिन जंगल पहुंच गई। उस समय जंगल का राजा बाघ सैर पर था। उसके भेड़िए सैनिकों ने बिल्ली को धर दबोचा। वह बाघ राजा के सामने लाई गई। चिल्ली बिल्ली ने बहुत सूझ-बूझ से काम लिया। बाघ राजा के सामने उसने कुछ इस तरह बातें बनाईं कि वह चिल्ली बिल्ली को अपनी मौसी मान बैठा।

# बाघ की मौसी चिल्ली बिल्ली



एक थी बिल्ली। नाम था चिल्ली। चिल्ली घूमने की बहुत शौकीन थी। दिन शुरू होते ही वह घूमने निकल पड़ती। पूरा दिन बस घूमना-फिरना। एक बार चिल्ली घूमते-घूमते जंगल में पहुंच गई। वहां उसे कुछ जानवर मिले। जंगल के रास्ते के बीचों-बीच चिल्ली को चलते हुए देख एक जानवर ने पूछा, 'कौन है तू? बीच रास्ते में क्यों चल रही है? इस जंगल का राजा बाघ सैर करने निकला है। वह तुझे बीच रास्ते में टहलते देखेगा तो गुस्साएगा।'

बिल्ली ने अपना सीना फुलाकर कहा, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। मैं तुम्हारे राजा बाघ से डरती-वरती नहीं।' यह कह बिल्ली आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे गई तो दो सैनिक भेड़िए मिले। बिल्ली को बीच रास्ते में चलती देख दोनों चिल्लाए, 'ओय तू है कौन? राजा जंगल में सैर करने निकले हैं और तू उनके रास्ते के बीच इस तरह घूम रही है? राजा देख लेगा तो तेरी खाल उधेड़ देगा।'

बिल्ली ने अपना सिर उठाया और रुआब से बोली, 'मैं हूं बिल्ली, नाम मेरा चिल्ली। बाघ राजा होगा तुम्हारा। मैं उससे डरती-वरती नहीं हूं।'

इतने में जंगल का राजा बाघ वहां आ पहुंचा। सैनिक घबरा गए। उनको कुछ समझ में नहीं आया कि क्या करें? जंगल में सैर करने में बाधा आने से बाघ गुस्साया। जोर से गुर्राते हुए बोला, 'कौन है यह?'

बाघ को देखकर और उसकी दहाड़ सुनकर बिल्ली के होश उड़ गए, लेकिन उसने तुरंत ही अपने आपको संभाल लिया और एक तरकीब सोच ली।

सैनिकों ने झुक-झुक कर राजा को सलामी दी और बताया, 'हुजूर, यह कहती है- मैं तुम्हारे राजा से डरती-वरती नहीं हूं।'

बाघ ने लाल-लाल आंखों से बिल्ली की ओर देखा और सैनिकों को हुकुम दिया, 'इसे दरबार में ले आओ। मैं जंगल का दौरा पूरा कर वापस आता हूं, इसके बाद इससे निपटता हूं।'

सैनिकों ने बिल्ली को गिरफ्तार किया और राजा के दरबार में ले गए। थोड़ी देर बाद बाघ दरबार में आया। बिल्ली को बाघ के सामने लाया गया। बाघ ने दहाड़ कर पूछा, 'ओय बिल्ली, क्या तू मुझसे डरती नहीं?'

बिल्ली लापरवाही से अपने शरीर को पंजों से खुजलाते हुए बोली, 'नहीं, मैं तुमसे डरती नहीं हूं।'

बाघ और ज्यादा क्रोधित होकर बोला, 'तुझे पता है, मैं इस जंगल का राजा हूं?'

'होगा! इससे मुझे क्या? न तो मैं इस जंगल में रहती हूं और न ही तुम मेरे राजा हो। मैं तो तुम्हारे परिवार की सदस्य हूं। फिर मुझे तुमसे क्यों डरना चाहिए?' बिल्ली तिरछी नजर से बाघ की तरफ देखते हुए बोली।

'मेरे परिवार से मतलब..? बाघ को बात कुछ समझ में नहीं आई।

बिल्ली अपना मुंह फुलाकर बोली, 'बाघ राजा, क्या तुमको इतना भी पता नहीं? तुम्हारी मां और मैं दोनों बहने हैं।' बाघ चौंका। उसने बिल्ली को ध्यान से देखा और बोला, 'अरे जा! तू झूठ बोल रही है। कहां मेरी ताकतवर मां और कहां इतने छोटे कद वाली तू! तू तो मेरे बच्चे से भी छोटी है!'

'तुम्हारी बात सही है, बाघ जी! फिर भी हम दो बहनें हैं। तुम्हारी मां का शरीर ताकतवर, भयानक और बड़ा है और मैं इतनी छोटी हूं। इसके पीछे एक लंबी कहानी है।' बिल्ली बाघ से बोली।

बाघ को बिल्ली की बातों में दिलचस्पी होने लगी। उसने पूछा, 'कौन सी कहानी..?'

बिल्ली ने कहानी बताई, 'मैं और तुम्हारी मां सगी बहनें हैं। तुम्हारी मां बड़ी और मैं छोटी। तुम्हारी मां जब बड़ी हो गई तो वह जंगल में चली आई। अच्छी-सी गुफा बनाई और उसमें रहने लगी। फिर वह जंगल के जानवरों का शिकार करके उनका मांस खाने लगी। उसका शरीर बढ़ता गया। इसलिए वह मोटी और ताकतवर बन गई।'

बाघ उसकी बात ध्यान से सुन रहा है या नहीं, यह देखने के लिए बिल्ली बोलते हुए थोड़ी देर रुक गई।

बाघ ने उत्सुकता से पूछा, 'फिर क्या हुआ?'

'हां... बताती हूं। तब मैं बहुत छोटी थी। एक बार मैं अकेली गुफा के बाहर खेल रही थी। खेलते-खेलते मैं काफी दूर निकल गई। फिर गुफा में वापस जाने का रास्ता भूल गई। एक गांव में पहुंच गई। वहां जंगल का कोई भी जानवर नहीं दिखा तो मैं रोने लगी। इतने में राजू नाम का एक लड़का आया। उसने मेरे आंसू पोंछे, मेरा सिर सहलाया और अपने घर ले गया। उसने मुझे अपने घर में ही रखा। वह जो खाता था वही दूध और रोटी मुझे खिलाता। ऐसे खाने से मेरा शरीर छोटा ही रह गया और मैं इतनी छोटी ही रही। अब तो मेरी बात तेरी समझ में आई कि नहीं आई?' बिल्ली ने अपनी बात पूरी की।

राजा बाघ और बाकी जानवरों को बिल्ली की बात सच्ची लगी। बाघ खुश हो गया। वह अपने सिंहासन से खड़ा हुआ, बिल्ली के पास गया और उसे प्रणाम किया। फिर बोला, 'मेरी मां तो अब इस दुनिया में नहीं है, पर तुम मेरी मौसी हो। अब तुम यहां इस जंगल में आराम से रह सकती हो।'

बिल्ली बोली, 'ना, बाबा, ना! मेरा दोस्त राजू मेरे बिना नहीं रह सकता। इस वक्त भी वह मुझे ढूंढता हुआ रोता होगा। मैं अब अपने गांव वापस जाऊंगी।'

बाघ ने अपनी मौसी बिल्ली पर प्यार से अपना पंजा फेरा और बोला, 'चिल्ली मौसी, जैसी तुम्हारी मर्जी। अब जब भी तुम्हारा मन करे, जंगल में घूमने आ जाना।'

चिल्ली बिल्ली ने अपने गांव की ओर कदम बढ़ा दिए। बाघ राजा और जंगल के सारे प्राणी भी बिल्ली मौसी को विदाई देते हुए बोले, 'जल्द ही फिर मिलेंगे चिल्ली मौसी!'

जंगल से वापस अपने गांव की ओर लौटते हुए चिल्ली बिल्ली मन ही मन में मुस्कुराती हुई पूरे रास्ते बोलती रही, 'मैं तो बाघ की मौसी... मैं तो बाघ की मौसी...!' *

**हिंदी अनुवाद : सेतु अंताणी**

---

## जीके क्विज-148

1. हाल ही में छत्तीसगढ़ के किस साहित्यकार को 59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है?
2. विग्नेश पुथुर का संबंध किस खेल से है?
3. हरियाणा के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?
4. विश्व का सबसे प्रदूषित देश कौन-सा है?
5. किस सिख गुरु ने अमृतसर शहर की स्थापना की थी?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. एलपीजी सिलिंडर में मुख्य रूप से कौन-सी गैस भरी होती है?
8. विश्व का सबसे बड़ा मरुस्थल कौन-सा है?
9. विटामिन E का रासायनिक नाम क्या है?
10. विश्व धरोहर दिवस कब मनाते हैं?



**बच्चों, जीके क्विज-148 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-147 का उत्तर :** 1. 286 दिन, 2. 58 करोड़, 3. भिवंडी, 4. 7 अप्रैल, 5. हैदराबाद, 6. विल्हेम कोनराड रॉन्टजेन, 7. आयरन (लौह तत्व), 8. माइटोकॉन्ड्रिया, 9. कर्नाटक, 10. क्षिप्रा

**जीके क्विज-147 का सही उत्तर देने वाले :** शिवम-रायपुर, किशन-बिलासपुर, कबीर-हिसार, नीटू-सीतापुर, बालमुकुंद-कुनकुरी, तृप्ति-ईमेल से, ट्विंकल-ईमेल से, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, सचिन-महासमुंद

---

## रंग भरो-172

**रंग भरो-172** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**आस्तिका, चांपा**



सार्थक, रायपुर



तमन्ना, कोरबा



वेदका, बालोद



रितेश, मटियारी



अथर्व, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

पलक-अटेली मंडी, रानी-बालाघाट, डॉली-मटियारी, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहन-करनाल, अमन-बिलासपुर, जागृति-कोरबा

---

## रंग भरो 173



बच्चो, यहां तितली और फूलों का एक सुंदर-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप



महम। मारूति एजेंसी के साथ वाली गली में टूटा पड़ा सीवर के मेनहॉल का ढक्कन। फोटो : हरिभूमि

### थाने के सामने टूटे पड़े हैं सीवर के ढक्कन

**महम।** महम आईटीआई और रजवाहे के बीच में बनी कॉलोनी में सीवर लाइन के ढक्कन टूटे पड़े हैं, जो हादसों को न्योता दे रहे हैं। इस कॉलोनी में सीवर का ढक्कन ठीक महम थाने के गेट के सामने दिल्ली हिसार हाइवे के किनारे टूटा पड़ा है। यहां से रोजाना हजारों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं। किसी भी समय यहां पर कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी प्रकार रजवाहे के पास पेट्रोल पंप व मारूति एजेंसी के बीच वाली वाली गली में अजमेर अहलावत के मकान के पास सीवर का एक ढक्कन टूटा पड़ा है।

### पांच दिवसीय वाईआरसी कैंप का शुभारंभ

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय के सभागार में बृहस्पतिवार को पांच दिवसीय वाईआरसी कैंप का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने वाईआरसी वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर में आने से विद्यार्थी जीवन मूल्य सिखते हैं और एक जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। वाईआरसी काउंसलर डॉ. विनीत बाला ने विभिन्न महाविद्यालय से आए हुए काउंसलर और वॉलिंटियर्स का स्वागत किया।

### देश के युवा राष्ट्र का भविष्य : कर्नल नेगी

**रोहतक।** भारत के सातवें थल सेना अध्यक्ष और प्रथम फील्ड मार्शल एस एच एफ जे मानक शाह (सैम बहादुर) के 111 वें जन्म दिवस पर उनकी याद में हरियाणा पूर्व सैनिक संघ की तरफ से हुडा सिटी पार्क में क्रॉस एंड क्लाइंब अकादमी के सहयोग से इंग्लिश कैलीग्राफी एक लेखन प्रतियोगिता हुई। स्टेशन हेडक्वार्टर रोहतक के एडम कमांडेंट कर्नल एम एस नेगी मुख्य अतिथि की रूप में पहुंचे। जहां पर विद्यार्थियों ने करतल ध्वनि और क्रॉस एंड क्लाइंब अकादमी की डायरेक्टर सुनीता कुंडू ने पौधा भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

### एनीमिया व कुपोषण के बारे में किया जागरूक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज तथा फार्मेसी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विवि परिसर में एनीमिया और कुपोषण बारे जागरूकता रैली निकाली गई। इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ साइंसेज के निदेशक प्रो. मुनीष गर्ग ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में 7-8 अप्रैल को विद्यार्थियों में एनीमिया और कुपोषण से निपटने के लिए एमडीयू एक व्यापक अभियान शुरू करने जा रहा है।

## 30 एकड़ में बनी दो अवैध कॉलोनियों के निर्माण कार्य को तोड़ा

# शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण और कॉलोनियों पर चला प्रशासन का चाबुक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से किए जा रहे निर्माणों व कॉलोनियों को गिराने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शहरी क्षेत्र व गांव बोहर में जेएलएन नहर के पास 2 अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गया जिसमें 1 चारदीवारी, 9 अवैध निर्माण, सीवरेज नेटवर्क, 3 नींव एवं कच्चा पक्का रोड नेटवर्क शामिल हैं। तोड़ा गया कुल क्षेत्र लगभग 14 एकड़ है। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा बिजली के मीटर भी हटाए गए है। जिला नगर योजनाकार कार्यालय की ओर से जिले के नागरिकों से आह्वान किया है। जिला प्रशासन की ओर से नियमित अंतराल पर अनधिकृत निर्माण व कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है। जिला प्रशासन अनधिकृत कॉलोनियों पर सख्त है। तोड़फोड़ अभियान में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की जमा पूंजी को अवैध निर्माणों में या डीलर व भू-मालिकों की ओर से काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में निवेश न करें, क्योंकि इस तरह की विभागीय कार्रवाई समय-समय पर प्रशासन की ओर से अमल में लाई जाएगी। नागरिक अपनी पूंजी को निवेश करने से पहले उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर आकर पूछताछ कर सकते हैं।

**खास बातें**

- अभियान में शहरी क्षेत्र व गांव बोहर में जेएलएन नहर के पास 2 अवैध कॉलोनियों को तोड़ा गय
- 1 चारदीवारी, 9 अवैध निर्माण, सीवरेज नेटवर्क, 3 नींव एवं कच्चा पक्का रोड पर चला चला पीला पंजा





### अतिक्रमण हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

रोहतक। जिला मजिस्ट्रेट धीरेंद्र खड़गटा ने नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। जिलाधीश द्वारा जारी किया गया आदेशों के अनुसार गांधी कैंप में सब्जी मंडी रोड से झंडी मंदिर तक अवैध कब्जे हटवाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्धेश्य से ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई है। जारी एक अन्य आदेश के तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत सैक्टर-13 से अतिक्रमण हटवाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्धेश्य से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की बागवानी डिविजन के एसडीई देवेंद्र कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि महिला पुलिस बल सहित संतोषजनक संख्या में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की तैनाती की जाए।

## भक्तों ने मां जगदंबे के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की अखंड ज्योत की आरती की

# श्रद्धालुओं ने मां कात्यायनी की पूजा अर्चना करके सपरिवार मांगी दीर्घायु की दुआएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र में वीरवार को चैत्र मास, शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मां जगदंबे के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की भक्तों ने सपरिवार पहुंचकर मां की अखंड ज्योत की आरती करके और चुनरी चढ़ाकर लंबी दीर्घायु की दुआएं मांगी। इनके पूजन से दीर्घायु की प्राप्ति होती है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर आदि शक्ति मां दुर्गा ने उनकी पुत्री के रूप में जन्म लिया था, इसलिए उन्हें कात्यायनी कहा जाता है। कार्यक्रम में गद्दीनशीन मानेश्वरी के प्रवचन हुए, दुर्गा स्तुति का पाठ और पंडित अशोक द्वारा आरती और प्रसाद वितरित हुआ। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।



**यह है आस्था**

- मां कात्यायनी की पूजा करने से भगवान बृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बनाते हैं और शादी में आ रही बाधाएं दूर होती हैं
- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है

**पूजा से मन चाहे वर की प्राप्ति : साध्वी**

इस मौके पर साध्वी मानेश्वरी ने भक्तों को मां का गुणगान करते हुए कहा कि मां कात्यायनी की पूजा करने से भगवान बृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बनाते हैं और शादी में आ रही बाधाएं दूर होती हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पूजा से मनचाहे वर की प्राप्ति होती है और धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। मां कात्यायनी ने ही अत्याचारी राक्षस महिषाषुर का वध कर तीनों लोकों को उसके आतंक से मुक्त कराया था। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं देवी की पूजा की थी। लिहाजा विवाह में आ रही बाधा दूर करने के लिए देवी की पूजा फलदायी मानी जाती है।

**सत्संग का महत्व बताया**

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि प्रवचन सुनना ही धर्म नहीं बल्कि उसे जीवन में प्रयोग रूप देना धर्म है। सत्संगति यदि आचरण में नहीं है तो इसे विसंगति कहा जाएगा। सुनकर जो आचरण में आ जाए, वह सत्संग है। मां कात्यानी का स्वरूप अत्यंत चमकीला, तेजस्वी है और इनकी चार भुजाएं हैं। दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है, वहीं बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। साध्वी मानेश्वरी देवी ने बताया कि हम और आप काल रूपी सर्प के मुख में बैठे हैं। यह काल रूपी सर्प कभी भी हमको डस सकता है। हमारी आयु दिन प्रतिदिन घटती जाती है। जिस प्रकार से टूटे घड़े में से पानी की बूंदें एक-एक करके निकलती जाती है। इसलिए मनुष्य को जीवन में धर्म करना चाहिए। धर्म करने से पुण्य बल बढ़ जाता है। पुण्य बल बढ़ जाने से हमे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**60 शिक्षकों को किया प्रशिक्षित**

### मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक में क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम



**रोहतक।** मॉडल स्कूल आंबेडकर चौक में वीरवार को 'क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम' के तहत 'अभिभावकों को शिक्षा के प्रति शिक्षित करना' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें 60 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। सोनीपत से आए डॉ. सत्या चौधरी प्रधानाचार्य सोफिया कान्वेंट स्कूल सोनीपत, डॉ. निशा उप प्रधानाचार्या गोल्डन हैरियर स्कूल सोनीपत ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तार से चर्चा की तथा विकसित भारत के स्वपन को पूरा करने के लिए नई शिक्षा नीति के महत्त्व को रेखांकित किया और उसमें अभिभावकों की भूमिका पर विस्तार से बात की।

### शिविर में बच्चों ने निःशुल्क दांतों को चेकअप करवाया

सांपला। गुरुवार को राजकीय हाई स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बच्चों के दांतों की समस्याओं को दूर करने के लिए मुफ्त चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें दंत चिकित्सक सुजाता चहल, दीपक, सुमन की टीम ने स्कूल के समस्त बच्चों के दांतों का चेकअप किया। इसके बाद सभी बच्चों को मुफ्त पेस्ट व ब्रुश भी बांटे गए। डॉ. सुजाता ने दांतों की हिफाजत के लिए उचित सुझाव और ब्रुश करने की तकनीक के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। अपने दांतों को स्वच्छ रखने के लिए खाना-खाने के बाद कुल्ला करने की सलाह दी।



### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नए 'शैक्षणिक सत्र' की शुरुआत

**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत करते हुए वीरवार को-ओरिएंटेशन डे' का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सभी छात्रगण व अध्यापकवृंद ने शिरक्कत की। ओरियंटेशन डे स्कूल का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होता है। जिसमें नए छात्रों और उनके माता-पिता को स्कूल के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है। यह कार्यक्रम छात्रों के लिए स्कूली शिक्षा प्रणाली और कार्यप्रणाली को समझने और अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर है। ओरिएंटेशन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को एक अज्ञात परिसर के माहौल,बुनियादी ढाँचे से परिचित कराना है वह स्कूल के नियमों से अवगत कराना है। ओरियंटेशन के दौरान छात्रों और शिक्षकों के मध्य अपनेपन की भावना पैदा होती है, जिससे उन्हें विद्यालय समुदाय का हिस्सा होने का एहसास होता है। छात्रों को विद्यालय के मिशन और विजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है, ऐसा कार्यक्रम में बताया गया।

## सिंचाई विभाग से अधिकारी व कर्मचारी भी करेंगे सहयोग

# नहरों पर खड़े होकर करेंगे लोगों को जागरूक: डॉ. जसमेर सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

नहरों के जल को प्रदूषण रहित और स्वच्छ रखने के लिए सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा रोहतक में नहरों के पुलों पर नवरात्रों के अंतिम तीन दिनों 5, 6 व 7 अप्रैल को नहरों के पुलो पर खड़े होकर विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा कि भक्तगण नहरों में पूजा पाठ की सामग्री व अन्य सामान ना डालें। इस दौरान मिशन के सदस्य अपने ऑफिसों से छुट्टी लेंगे। वीरवार को मिशन से जुड़ें सभी पर्यावरण प्रेमियों की विशेष बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सुनो नहरों की पुकार मिशन के मुख्य संरक्षक एवं जाट कॉलेज के सहायक प्रोफेसर डॉ. जसमेर सिंह



ने बताया कि पिछली बार की तरह इस बार भी सिंचाई विभाग के कर्मचारी व अधिकारी भी इसमें भरपूर सहयोग करेंगे। उन्होंने सभी जिला वासियों से अपील की है कि वे नवरात्रों में पूजा पाठ के बाद कई प्रकार का सामान जिसमें माता के श्रृंगार के साथ-साथ कई प्रकार का प्लास्टिक व अन्य सामान भी लेकर नहरों में डालने पहुंच जाते हैं। जिसको ठीक नहीं माना जा सकता। क्योंकि आजकल पानी के प्रदूषण के चलते कई प्रकार की बीमारियां हमारे घरों में फैल रही हैं। हमारा मिशन पिछले 3 साल 8 महीने से लगातार जन जागरूकता के लिए चल रहा है। मिशन के संरक्षक शिक्षक दीपक छारा ने कहा कि पूजा पाठ के बाद इस सामग्री और अन्य सामान का कहीं उचित व साफ जगह देखकर निष्पादन कर दें। इससे हमारी आस्था भी बनी रहेगी और पानी का प्रदूषण भी नहीं होगा।

**खरावड़ में सजा साहित्यकारों का मंच**

### साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन



**रोहतक।** ग्रामीण साहित्यिक मंच खरावड़ के तत्वावधान में एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन गांव खरावड़ में मंच के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार कर्ण सिंह के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में गांव खरावड़ व रोहतक के कई साहित्यकारों ने भाग लिया व ग्रामीण जनजीवन व ग्राम्य परिवेश पर रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार व जाने-माने कुंडलियांकार डॉ. राजेन्द्र कुमार अवस्थी ने की तथा सूर सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. मधुकांत मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संदीप शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। संदीप ने अपनी रागनियों से कार्यक्रम को चार चांद लगा दिए। डॉ. मधुकांत, प्रो. श्यामलाल कौशल, डॉ. राजेन्द्र कुमार अवस्थी, आशा खत्री 'लता', कर्ण सिंह, अर्चना कोचर, पवन गहलोत, रेखा, दिलीप मलिक ने गेयता प्रधान कविताओं का पाठ कर समा बांध दिया। कर्ण सिंह ने रागनी के माध्यम से खरावड़ गांव का बहुत ही प्रभावी व रोचक परिचय दिया। बहुत से ग्रामीणों ने कविता पाठ का आनन्द लिया। सभी साहित्यकारों ने कर्ण सिंह को उनके 76वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके लम्बे, स्वस्थ शतायु जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. मधुकांत ने कहा कि गांव में साहित्यिक वातावरण सृजित करने में कर्ण सिंह की अहम भूमिका है।

### एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बालंद में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**रोहतक।** एसवीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग बालंद में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अलग अलग विषयों में रुचि दिखाते हुए अपनी-अपनी परियोजनाओं को प्रदर्शित किया। इस प्रदर्शनी में मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा निर्मित मॉडल व नर्सिंग संबन्धित जानकारी तथा उसी से संबंधित प्रश्नोत्तरी और प्रतियोगिताएं रही। नर्सिंग के प्रति जागरुकता बढ़ाना, छात्रों को रचनात्मकता और नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना और नर्सिंग संबंधी हर विषय में रुचि पैदा करना ही इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य था। इस प्रदर्शनी का पूर्ण कार्यभार बीएससी नर्सिंग के छात्रों ने सभी शिक्षकों के अवलोकन में पूरा किया। प्रदर्शनी के अंत में कॉलेज प्रबंधक श्रीपाल बालंद ने सभी शिक्षकों और छात्रों के कार्य को सराहा और कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही प्रोग्राम का आयोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



**रोहतक।** प्रदर्शनी में मॉडल दिखाते विद्यार्थी।

## भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने चिकित्सकों को दिया सम्मान

# दिल्ली में रोहतक के दो बाल रोग विशेषज्ञों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने नई दिल्ली के अशोक होटल में एक भव्य संगोष्ठी एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। जिसमें उन दूरदर्शी व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया जिनके योगदान ने समाज को गहराई से प्रभावित किया है। यहां रोहतक के दो बाल रोग विशेषज्ञों को सम्मानित किया गया।

समारोह में उपस्थित प्रमुख हस्तियों में पूर्व विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी , दिल्ली विधान सभा के सदस्य चंदन कुमार चौधरी , पूर्व सदस्य विधानसभा डॉ. विजय जोली , ओलंपिक पदक विजेता एवं भारतीय पेशेवर पहलवान रवि कुमार दहिया , सतपाल सिंह ओबेरॉय , कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा , हरियाणा के डॉ. आलोक कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव, भारतीय विश्वविद्यालय संघ व किरण सेठी वरिष्ठ दिल्ली पुलिस अधिकारी शामिल थे। भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद के निदेशक डॉ. तपन कुमार राउतराय ने पुरस्कारों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, यह मंच उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने अपने कर्तव्य से आगे बढ़कर समाज में स्थायी प्रभाव डाला है।



**रोहतक।** डॉ दिनेश खौसला को सम्मानित करते हुए आयोजक।





**रोहतक।** डॉ विपलव वर्मा को सम्मानित करते हुए आयोजक।

**डॉ दिनेश खोसला को मिला सम्मान-**

रोहतक के डॉक्टर दिनेश खोसला स्वास्थ्य क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। वे बाल रोग विशेषज्ञ हैं। उनके सामाजिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए गए योगदान को देखते हुए उन्हें नई दिल्ली में भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद की तरफ से सम्मानित किया गया है।

**डॉ. विपलव वर्मा को मिला सम्मान**

चिकित्सा विज्ञान एवं बाल रोग विशेषज्ञ के तौर पर असाधारण योगदान देने पर डॉ. विपलव वर्मा को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद की तरफ से पदमश्री, भारत गौरव रत्न एवं अंतर्राष्ट्रीय शांति राजदूत सम्मान दिया गया है।

### सीएम से की डाक्टर पर कार्रवाई की मांग

रोहतक। ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विभाग के पीजी-3 डॉक्टर को अन्य डाक्टर द्वारा लगातार उत्पीड़न करने, और कुर्सी से शारीरिक हमले का सामना करना पड़ा। उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से लंबे समय तक प्रताड़ित किया गया। जिसको लेकर यूडीएफ संघ ने मुख्यमंत्री से इस मामले को लेकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता पक्ष ने बताया कि डॉक्टर उनका उत्पीड़न करते हैं और धमकी भरे शब्द बोलते हैं।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
एचआर हेड (महिला)
फील्ड ऑफिसर
टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

SHORT AND LONG TERM NEW BATCHES
CUET DU/KU/IPU/MDU
IPM-IIMs (ROHTAK, INDORE, AMRITSAR, RANCHI, BANGALORE, JAMMU, BODHGAYA)
CAT-2025 IIMs
NDA
BBA
HM (HOTEL MANAGEMENT)
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak
M. 9254304337


## समाधान शिविर के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकर्ता महिला से की बातचीत

# जन की समस्याओं का समाधान करना सरकार की पहली प्राथमिकता : सीएम

- सीएम नायब सैनी से बात करने वाली महिला की समस्या का मौके पर ही हुआ समाधान
- उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से शिकायतों के निपटान की प्राप्त की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरज़र की पहली प्राथमिकता है। लोगों ज़े अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए अलग-अलग स्थान पर न जाना पड़े। इसलिए सभी जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविरों में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और आमजन की शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया जाता है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने समाधान शिविर में आमजन की शिकायत सुन रहे रोहतक के जिला उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा से बातचीत की। मुख्यमंत्री सैनी ने समाधान शिविरों में अब तक आई शिकायतों का विवरण लिया और उनके निपटारे से संबंधित जानकारी ली।

### लंबित शिकायतों की विभाग वाइज की जा रही समीक्षा

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से बातचीत के दौरान समाधान शिविरों में अब तक आई शिकायतों के बारे में विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि लंबित शिकायतों को लेकर भी रोजाना समीक्षा की जाती है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने शिकायत सेल के प्रतिनिधि एडवोकट अंकुश बिड्डू से बातचीत कर समाधान शिविरों के बारे में फीडबैक लिया। शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, सांपला के एसडीएम उत्सव आनंद, एएसपी वाई.वी.आर. शशि शेखर, जिला परिषद के अधिकारीर प्रदीप कौशिक, नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त नमिता के अलावा ग्रीवेंस सैल के सतीश चौधरी, अंकुश बिड्डू, एडवोकेट संदीप जांगड़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री सैनी ने करवाया बच्चों का दाखिला

मुख्यमंत्री ने समाधान शिविर में 134 ए के तहत अपने बच्चों के दाखिले को लेकर आई स्थानीय शिवाजी कॉलोनी की रहने वाली महिला राजरानी से भी बातचीत की और उनकी इस समस्या के समाधान के बारे में उपायुक्त को निर्देश जारी ज़िए। उपायुक्त ने तुरंत प्रभाव से इस महिला की समस्या का समाधान करते हुए उसके बच्चों का डीएवी स्कूल में दाखिला सुनिश्चित करवाया।

## भारतीय खिलाड़ियों का किया गया चयन

# 17 अप्रैल से 1 मई तक ओमान में बरसेंगे मुक्के

**खास बातें**
- पहले दिन अंडर 15 के खिलाड़ी चयनित किए
- दोनों वर्गों में 13-13 बाऊट खेली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

17 अप्रैल से 1 मई तक जॉर्डन के ओमान में लड़के लड़कियों की अंडर-15 और 17 आयुवर्ग की एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप आयोजित की जा रही है। इसके लिए भारतीय खिलाड़ियों का चयन राजीव गांधी खेल परिसर स्थित राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी में किया गया। गत बुधवार को पहले दिन अंडर 15 के खिलाड़ी चयनित किए गए। आज वीरवार को अंडर 17 आयुवर्ग के बॉक्सर भी सिलेक्ट कर लिए गए। दोनों वर्गों में 13-13 बाऊट खेली गई। इसके बाद भारतीय टीम के चयन प्रक्रिया संपन्न हुई।

*ये बेटियां दिखाएंगी दमखम*

| वेट | खिलाड़ी | राज्य |
|---|---|---|
| 44-46 | खुशी | उत्तराखंड |
| 46-48 | जिया | हरियाणा |
| 48-50 | आहना | दिल्ली |
| 50-52 | समीक्षा | महाराष्ट्र |
| 52-54 | जन्नत | हरियाणा |
| 54-57 | राधामणी | मणिपुर |
| 57-60 | सिमरणजीत | पंजाब |
| 60-63 | हर्सिका | हरियाणा |
| 63-66 | प्राची | हरियाणा |
| 66-70 | हिमांशी | हरियाणा |
| 70-75 | सन्वी | हरियाणा |
| 75-80 | प्राची | चंडीगढ़ |
| 80-80 प्लस | अंशिका | हरियाणा |

*ये लड़के करेंगे दो-दो हाथ*

| वेट | खिलाड़ी | राज्य |
|---|---|---|
| 44-46 | ध्रुव खरब | दिल्ली |
| 46-48 | गोपाल | महाराष्ट्र |
| 48-50 | अमनदेव | चंडीगढ़ |
| 50-52 | टिकम सिंह | राजस्थान |
| 52-54 | उधम सिंह | हरियाणा |
| 54-57 | राहुल | एमएससीबी |
| 57-60 | साहिल | एसएससीबी |
| 60-63 | अमन | हरियाणा |
| 63-66 | अनंत | महाराष्ट्र |
| 66-70 | अंशुल | हरियाणा |
| 70-75 | प्रियांशु | दिल्ली |
| 75-80 | देवांश | हरियाणा |
| 80-80 प्लस | लवेन | चंडीगढ़ |

### संघ की ओर से दी शुभकामनाएं : सिंधु



हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा सभी खिलाड़ियों को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं संघ की तरफ से हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने बॉक्सिंग में हमेशा से ही देश की शान विदेशों में बढ़ाई है। इस बार भी सभी प्लेयर बेहतर से बेहतर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संघ लगातार खिलाड़ियों को तराश रहा है। संघ की तरफ से हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है।

## एमडीयू में हरियाणा फिल्म महोत्सव आज से, टैगोर सभागार तैयार

**रोहतक।** हरियाणा फिल्म महोत्सव-2025 का मंच सज चुका है। दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार को प्रदेश के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम करेंगे। छात्र छात्राओं में महोत्सव के प्रति काफी उत्साह है। वीरवार को तैयारी के दौरान छात्र छात्राओं ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार की साज-सज्जा में योगदान दिया। सभागार की गैलरी में चित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। इसमें अलग अलग क्षेत्रों में प्रसिद्धि हासिल करने वाली हरियाणा की विभूतियों के चित्र लगाए गए हैं,ताकि युवाओं को इनसे प्रेरणा मिले। इनमें हरियाणवी सिनेमा से लेकर भारतीय सिनेमा,शिक्षा,चिकित्सा,विज्ञान,खेल,मीडिया,उद्योग व अन्य क्षेत्रों के प्रमुख चेहरे शामिल हैं। वहीं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलने महान स्वतंत्रता सेनानियों,साहित्यकारों और महापुरुषों के चित्र प्रदर्शनी स्थल पर देखने को मिलेंगे। विश्व संवाद केंद्र के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि हरियाणा की सभ्यता और संस्कृति पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन करने तथा राज्य के भाईचारा और सामाजिक समरसता को उजागर करने के उद्देश्य से 4 अप्रैल से महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में हरियाणवी फिल्म महोत्सव 2025 प्रारंभ होगा।

## जिला में साइक्लोथॉन रैली का किया जाएगा भव्य स्वागत : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। अतिरिक्त उपायुक्त एवं साइक्लोथॉन 2.0 के नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि साइक्लोथॉन रैली का जिला में प्रवेश पर भव्य स्वागत किया जाएगा और मेहमानवाजी में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। अतिरिक्त उपायुक्त वीरवार को साइक्लोथॉन करे लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रहे थे। उन्होंने बताया कि हरियाणा उदय के तहत आयोजित की जा रही नशा मुक्ति हरियाणा साइक्लोथॉन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 अप्रैल को हिसार से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिला के लिए विशेष बात यह है कि यह साइक्लोथॉन दो दिनों तक रोहतक में विश्राम करेगी। साइक्लोथॉन 12 अप्रैल को गुड़गांव से झज्जर होती हुई जिला के गांव करौंथा में प्रवेश करेगी। यहां पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा।

## 11वीं बटालियन जाट रेजीमेंट ने मनाया स्थापना दिवस

- जाट रेजीमेंट अपनी बहादुरी, मर्पण और गौरवशाली इतिहास के लिए जानी जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जाट रेजीमेंट भारतीय सेना की एक महत्वपूर्ण और प्रतिष्ठित रेजीमेंट है जो अपनी बहादुरी, समर्पण और गौरवशाली इतिहास के लिए जानी जाती है। इसका 62वीं स्थापना दिवस गत 31 मार्च से 1 अप्रैल तक एक रिजॉर्ट में मनाया गया। इसमें हरियाणा, राजस्थान,उत्तर प्रदेश व दिल्ली के भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। इस समारोह में बटालियन के पूर्व कमान अधिकारी ब्रिगेडियर विजय मेहता, सेना मेडल, पूर्व कमान अधिकारी ब्रिगेडियर परमपाल सिंह बाजवा, कर्नल महेंद्र सिंह माथुर, करनल मुकेश कुमार, करनल नरेश दहिया, करनल उम्मेद सिंह मिथरवारल, मेजर एम एस संधू , कैप्टन यशवीर सिंह और 500 कनिष्ठ अधिकारी व जवान शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय झंडा फहराया गया और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह के दौरान सबसे वरिष्ठ एक भूतपूर्व अधिकारी, एक कनिष्ठ अधिकारी और एक जवान को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बटालियन के भूतपूर्व हेड क्लर्क कप्तान रणधीर सिंह नारा द्वारा बटालियन के शहीदों के बच्चों को हरियाणा सरकार द्वारा गवर्नमेंट जॉब दिलवाने मे मदद करना और वीरनारियों/विधवाओं के एक्स ग्रेशिया ग्रांट और पेंशन संबंधी समस्याओं को हल करके करोड़ों रुपए दिलवाने पर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि भूतपूर्व सैनिक अपनी बटालियन के शहीदों की वीरनारियों व विधवाओं की बेटियों की शादी में शामिल होकर लाखों रुपए कन्यादान के रूप में भेंट करते हैं।

## कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी पर सप्तरंग सेमिनार का आयोजन 6 को

- कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी और हम : जानकारियां, ख़तरे, सावधानियां' रहेगा विषय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्थानीय सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था सप्तरंग द्वारा रविवार, 6 अप्रैल को 'कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी और हम : जानकारियां, खतरे, सावधानियां' विषय पर विचार गोष्ठी की जाएगी। दिल्ली रोड स्थित स्वामी नितानंद पब्लिक स्कूल में 4 बजे होने वाली इस गोष्ठी में कम्प्यूटर विशेषज्ञ जितेन्द्र हुड्डा मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सप्तरंग के महासचिव अविनाश सैनी ने बताया कि हम कम्प्यूटर युग में जीते हुए आर्टिफ़िशिअल इंटेलिजेंस के युग की ओर बढ़ रहे हैं। कम्प्यूटरीकृत यंत्र और उन का इस्तेमाल हमारे अंग-संग हैं मगर हम में से कई लोग कम्प्यूटर टेक्नॉलजी के उन पक्षों से भी परिचित नहीं होंगे जिन के बारे में कम्प्यूटर इस्तेमाल करते हुए हमें जानकारी होनी चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर गोष्ठी की जा रही है। उन्होंने बताया कि विषय वक्ता जितेंद्र हुड्डा लगभग 25 सालों से इस कार्यक्षेत्र से सम्बद्ध हैं और उनके पास इस विषय से जुड़े समृद्ध अनुभव हैं।

## राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में एचडी स्कूल की छात्रा वेदिता प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- कक्षा बारहवीं की छात्रा चंचल रही तृतीय



राज्य स्तरीय विज्ञान विषय पर आधारित निबंध प्रतियोगिता में बहुअकबरपुर स्थित एचडी पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की छात्रा वेदिता ने प्रथम व कक्षा बारहवीं की छात्रा चंचल ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्रशासन ने बताया कि यह प्रतियोगिता हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी की तरफ से आयोजित की गई थी, जिसमें सीबीएसई, आईसीएससी और हरियाणा बोर्ड के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के लगभग 280 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों छात्राओं ने अंग्रेज़ी माध्यम से इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा ये मुकाम हासिल किया। इस शानदार सफलता के लिए सरकार की तरफ से वेदिता को 10 हजार और चंचल को 6 हजार की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर स्कूल निदेशक सुरेन्द्र फौगाट ने भी दोनों छात्राओं को ग्यारह-ग्यारह हजार रुपये की धनराशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान करने की घोषणा की।

## गुरुघर लाखन माजरा में 6 अप्रैल को होगा महान कीर्तन समागम

लाखन माजरा। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्रीमंजी साहिब लाखन माजरा में 6 अप्रैल 2025 को श्री गुरू तेग बहादुर साहिब का पावन गुरू गद्दी दिवस समारोह एवं महान कीर्तन समागम का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए गुरूद्वारा के मैनेजर सरदार पूर्ण सिंह ने बताया कि इस महान कीर्तन समागम में सरदार भूपेन्द्र सिंह असन्ध प्रधान हरियाणा सिक्ख, गुरूद्वारा मैनेजमैंट कमेटी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक सरदार अवतार सिंह खुराना समाज सेवी रोहतक होगें। मैनेजर सरदार पूर्ण सिंह के अनुसार इस कार्यक्रम की सेवा समूह साध संगत, गुरूद्वारा श्री बंगला साहिब रोहतक व खुराना परिवार की ओर से की जायेगी।

**जागरुकता** अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर ने अंगदान व देहदान के लिए फॉर्म भरा

# जीते जी रक्तदान, मरणोपरांत अंगदान अवश्य करें: कृष्ण शर्मा

- अंगदान कर एक व्यक्ति आठ लोगों की बचा सकता है जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर कृष्ण शर्मा ने एक प्रेरक कदम उठाया है और अंगदान व देहदान के लिए फॉर्म भरा है। यह उनकी ओर से एक महान सामाजिक योगदान है, जो न केवल अंगदान के महत्व को बढ़ावा देगा, बल्कि लोगों को भी प्रेरित करेगा। यह कहना है पीजीआईएमएस के निदेशक डॉ. एसके सिंघल का। उन्होंने निदेशक कार्यालय में अंगदान व देहदान के लिए पहुंचे अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर कृष्ण शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया। निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि बॉक्सर कृष्ण शर्मा का यह निर्णय न केवल उनकी सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि वे अपने खेल के अलावा भी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को महत्व देते हैं। अंगदान एक महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें एक व्यक्ति आठ लोगों की जान बचा सकता है। डॉ.एस.के. सिंघल ने कहा कि अंगदान करने का कोई भी इच्छुक व्यक्ति, एनजीओ या समाजसेवी संस्था चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय में स्थित स्टेट ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट कार्यालय स्थित 17 नंबर कमरे में नोडल अधिकारी डॉ. सुखबीर सिंह से संपर्क कर सकते हैं। डॉ. विवेक मलिक ने कहा कि कृष्ण शर्मा की इस पहल से निश्चित रूप से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

### *मां की इच्छा से भरा देहदान का फॉर्म*

*गांव सोरखी निवासी अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर कृष्ण शर्मा ने कहा कि वें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बॉक्सिंग खेल चुके हैं और उन्हें इसके लिए राष्ट्रपति से अवार्ड भी मिल चुका हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां चाहती थी कि वें देहदान करें लेकिन कोरोना में मृत्यु होने के चलते वें ये नेक कार्य नहीं कर पाईं। कृष्ण शर्मा ने बताया कि अपनी मां की इस इच्छा को पूरा करने के लिए उन्होंने आज सोटो में आकर अपना अंगदान व एनाटॉमी में देहदान का फार्म भरा है ताकि मरणोपरांत उनका शरीर किसी के काम आ जाए। उन्होंने कहा कि उनका अब प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक खिलाड़ियों को अंगदान का फार्म भरने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि अंगदान महादान है और हमें जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत अंगदान अवश्य करना चाहिए।*

